Seat No. : _______________

# NH-126-H

**December-2015**

**B.Com., Sem.-III**

**CC-203 : Taxation-I**

**(Hindi Version)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (A) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **7**
   (i) खेती से आय
   (ii) सेन्ट्रल बोर्ड आफ डायरेक्ट टेक्स
   (iii) कर परिवर्जन
   (iv) विगत वर्ष
   (v) ऐसेसी (करदाता)

   (B) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त उत्तर लिखिए : **4**
   (i) प्रत्यक्ष कर
   (ii) मूल्य वर्धित कर
   (iii) उत्पाद शुल्क
   (iv) परोक्ष कर

   (C) निम्न व्यक्तियों को उनके व्यक्तित्व के अनुसार वर्गीकृत करें : **3**
   (i) सचिन तेंदुलकर
   (ii) आई.डी.बी.आई. बैंक
   (iii) मेहता ब्रदर्स
   (iv) सूरत म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन
   (v) कच्छ विश्वविद्यालय
   (vi) पटेल एण्ड सन्स

2. (A) रिकी पोईंटिंग एक ऑस्ट्रेलियन नागरिक हैं । विगत 11 वर्षों से (2014-15 को मिलाकर) प्रति वर्ष वे अक्टूबर-नवंबर तथा दिसम्बर माह में भारत आते रहे हैं । लेखा वर्ष 2015-16 के लिए रिकी पोईंटिंग का आवासीय दर्जा निश्चित कीजिए । यदि रिकी पोईंटिंग प्रति वर्ष सितम्बर, अक्टूबर तथा नवंबर माह में भारत आए होते, तो उनके आवास के दर्जे पर कोई असर होगा ? **7**

   **अथवा**

   करदाता की जिम्मेदारी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

   (B) किसी **एक** का उत्तर लिखिए : **4**
   (i) अग्रिम भुगतान किए आयकर पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।
   (ii) ऐसे कोई चार व्यवहार/लेनदेन का विवरण दीजिए जिनके संबंध में स्थायी खाता नम्बर देना आवश्यक है ?

   (C) पूर्ण रूपेण कर-मुक्त आय के छ: उदाहरण दीजिए । **3**

3. श्रीमान ए टाटा कम्पनी में नौकरी करते हैं । नीचे दिए गए विवरण से विगत वर्ष 2014-15 के लिए कर-पात्र वेतन की आय की गणना कीजिए : **14**

| | |
|---|---|
| मूल वेतन | ₹ 30,000 मासिक |
| मँहगाई भत्ता (जिसका समावेश निवृत्ति लाभ की गणना में होता है ।) | ₹ 5,000 मासिक |
| मनोरंजन भत्ता | ₹ 2,000 मासिक |
| बोनस | (एक माह का मूल वेतन) |
| कमीशन | ₹ 5,000 मासिक |
| तीन बच्चों के लिए शिक्षण भत्ता | ₹ 500 मासिक प्रति संतान |
| छात्रावास खर्च भत्ता (दो बच्चों का) | ₹ 900 मासिक प्रति संतान |
| बचत सीमा तक यूनिफॉर्म भत्ता | ₹ 5,000 वार्षिक |
| व्यक्तिगत उपयोग हेतु सफाई कर्मचारी को कम्पनी द्वारा चुकाया गया वेतन | ₹ 1,000 मासिक |
| वाहन भत्ता | ₹ 8,000 वार्षिक |
| मेडिकल भत्ता | ₹ 12,000 वार्षिक |
| ओव्हर टाइम भत्ता | ₹ 500 मासिक |
| कम्पनी ने अपनी मालिकी का असज्जित मकान 22 लाख की आबादी वाले शहर में श्रीमान 'A' को दिया है । | |
| कर्मचारी द्वारा चुकाया गया व्यवसाय कर | ₹ 200 मासिक |
| मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में ब्याज वार्षिक 13% की दर से | ₹ 39,000 |
| कम्पनी ने दोनों तरह के उपयोग के लिए मोटरकार दी है । कम्पनी इसका खर्च स्वयं उठाती है । (ड्राइवर सहित) | 2.4 लिटर C.C. कार |
| कम्पनी का मान्यता प्राप्त भविष्य निधि का अंशदान | (मूल वेतन + मँहगाई भत्ता) का 13% |

**अथवा**

(A) श्रीमान 'A' 30 वर्ष निजी कम्पनी में नौकरी करने के बाद 31-5-2014 को सेवा निवृत्त हुए । जून माह से उनको मासिक ₹ 20,000 का असारांशीकृत पेन्शन मिल रहा है । ता. 1-2-2015 को उन्हें ₹ 30,00,000 का सारांशीकृत पेन्शन मिला (जो कुल पेन्शन का 60% है) । निवृत्ति के समय उन्हें ग्रेच्युइटी नहीं मिली थी । विगत वर्ष (2014-15) के लिए असारांशीकृत पेन्शन तथा सारांशीकृत पेन्शन की करपात्र रकम मालूम कीजिए । **7**

(B) विगत वर्ष 2014-15 में श्रीमान A को उनके मालिक के पास से अर्जित आय निम्नानुसार है : **4**

| | |
|---|---|
| मूल वेतन | ₹ 10,000 मासिक |
| मँहगाई भत्ता | मूल वेतन का 50% |
| (80% मँहगाई भत्ता का समावेश निवृत्ति लाभ की गणना में किया जाता है ।) | |
| कमीशन | ₹ 3,000 मासिक |
| घर का किराया भत्ता | ₹ 8,000 मासिक |
| सूरत शहर में चुकाया गया वास्तविक घर का किराया | ₹ 9,000 मासिक |

विगत वर्ष (2014-15) हेतु करपात्र घर का किराया भत्ता की गणना कीजिए ।

(C) किसी **एक** का उत्तर लिखिए : **3**

(i) ग्रेच्युईटी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(ii) मान्य भविष्य निधि पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

4. श्रीमान 'A' चार मकानों के मालिक हैं । विगत वर्ष 2014-15 के लिए करपात्र मकान-मिलकत से आय की गणना कीजिए । **14**

| **विवरण** | **मकान का उपयोग** | **प्राप्य किराया (₹)** | **उचित किराया (₹)** | **मानक किराया (₹)** | **म्युनिसिपल मूल्य (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| मकान-1 | निवास हेतु किराये दिया | 11,40,000 | 8,40,000 | 9,60,000 | 6,30,000 |
| मकान-2 | निवास हेतु किराये दिया | 3,36,000 | 2,49,600 | 2,42,400 | 2,44,800 |
| मकान-3 | स्वयं उपयोग | – | – | – | 7,50,000 |
| मकान-4 | स्वयं के व्यवसाय हेतु | – | 5,00,000 | – | 4,00,000 |

| **विवरण** | **मकान-1** | **मकान-2** | **मकान-3** | **मकान-4** |
|---|---|---|---|---|
| मकान खाली रहने का समय | 3 मास | ½ मास | – | – |
| किराया मिलना बाकी | 95,000 | 28,000 | – | – |
| श्रीमान 'A' द्वारा चुकाया म्यु. कर | 20,000 | 24,000 | 12,000 | 5,000 |
| किरायेदार द्वारा चुकाया म्यु. कर | 30,000 | 28,000 | – | – |
| श्रीमान 'A' द्वारा म्यु. कर चुकाना बाकी | 12,000 | 5,000 | 5,000 | 2,000 |
| किरायेदार द्वारा म्यु. कर चुकाना बाकी | 6,000 | 11,000 | – | – |
| जमीन लगान वार्षिक | 6,000 | 7,000 | 8,000 | – |
| मरम्मत कार्य खर्च | 7,000 | 8,000 | 9,000 | 5,000 |

**अथवा**

(A) श्रीमान 'A' मकान का मालिक है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर लेखा वर्ष (2015-16) के लिए करपात्र मकान मिलकत की आय मालूम कीजिए : **7**

| **विवरण** | **मकान मिलकत** |
|---|---|
| मकान का उपयोग | निवास के लिए किराये दिया |
| उचित किराया वार्षिक | ₹ 4,50,000 |
| मिलने योग्य किराया मासिक | ₹ 50,000 |
| मानक रेन्ट वार्षिक | ₹ 3,90,000 |
| म्यु. मूल्य वार्षिक | ₹ 4,20,000 |
| श्रीमान A द्वारा चुकाया म्यु. कर | ₹ 40,000 |
| किरायेदार द्वारा चुकाया म्यु. कर | ₹ 15,000 |
| बीमा प्रीमियम चुकाया | ₹ 8,000 |
| निर्माण कार्य हेतु लिए ऋण पर ब्याज पिछले वर्ष 2014-15 हेतु | ₹ 8,000 |
| पूँजीकृत ब्याज | ₹ 1,00,000 |

(B) कोई **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **4**

(a) वसूल नहीं किया गया किराया

(b) उधार ली पूँजी पर ब्याज से संबधित कटौती का प्रावधान

(C) कोई **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **3**

(a) आयकर से पूर्णत: मुक्त मकान-मिलकत की आय ।

(b) मकान मिलकत के माने गए मालिक

5. सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **सात**) **14**

(1) आयकर की जिम्मेदारी करदाता के ______ पर आधारित है ।

(a) आय (b) आवास का दर्जा

(c) उम्र (d) वजन

(2) ______ या अधिक मूल्य की स्थावर मिलकत की खरीदी के समय स्थायी खाता नंबर का उल्लेख करना आवश्यक है ।

(a) ₹ 1,00,000 (b) ₹ 2,00,000

(c) ₹ 4,00,000 (d) ₹ 5,00,000

(3) श्रीमान 'A' को तीन बच्चों के लिए प्रति संतान ₹ 250 का मासिक छात्रावास भत्ता मिलता है । करमुक्त छात्रावास खर्च भत्ता कितना है ?

(a) ₹ 6,000 (b) ₹ 7,200

(c) ₹ 1,800 (d) ₹ 3,000

(4) मानक-कटौती, मकान के शुद्ध वार्षिक मूल्य का ______ दर के हिसाब से मिलता है ।

(a) 5% (b) 10%

(c) 15% (d) 30%

(5) HDFC बैंक, व्यक्ति की व्याख्या के संदर्भ में ______ है ।

(a) कम्पनी (b) फर्म

(c) स्थानीय स्वशासित संस्था (d) कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति

(6) श्रीमान 'A' की मालिकी का मकान वार्षिक ₹ 12,000 की दर से किराये पर दिया हुआ है । वार्षिक म्यु. मूल्य ₹ 9,000 है । मकान का उचित किराया ₹ 11,000 है । रेंट कन्ट्रोल एक्ट के अन्तर्गत मानक रेन्ट ₹ 11,300 है । मकान का ग्रॉस वार्षिक मूल्य कितना है ?

(a) ₹ 12,000 (b) ₹ 11,300

(c) ₹ 11,000 (d) ₹ 9,000

(7) नीचे दी गई जानकारी में से किसका आयकर अधिनियम के अधीन प्रशासनिक व्यवस्था में समावेश नहीं होता है ?

(a) वित्तमंत्री (b) सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टेक्स

(c) आयकर अधिकारियों (d) बन्दोबस्त कमिशन

(8) मान्य भविष्य निधि में ब्याज वार्षिक 11% की दर से ब्याज की रकम ₹ 33,000 जमा हुई है । कितनी राशि वेतन की आय में करपात्र की जाएगी ?

(a) ₹ 3,000 (b) ₹ 4,500

(c) ₹ 28,500 (d) ₹ 33,000

(9) नीचे दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?

(a) आयकर एक प्रत्यक्ष कर है । (b) कस्टम शुल्क एक परोक्ष कर है ।

(c) उत्पाद शुल्क एक परोक्ष कर है । (d) सेवा कर एक प्रत्यक्ष कर है ।

(10) श्रीमान 'A' ता. 1-4-2010 को कम्पनी में 30,000-2,000-34,000-4,000-50,000 के वेतन मान पर नियुक्त हुए । विगत वर्ष 2014-15 के लिए करपात्र मूल वेतन की रकम ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 3,60,000 (b) ₹ 5,04,000

(c) ₹ 6,00,000 (d) ₹ 4,56,000

---